बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

आदेश

सं0सं0—9 / आ0—01—20 / 2023(स्वा0) 42(9) / पटना, दिनांकः— 14.01.25

डॉ० सोनम कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, नवादा द्वारा आवेदन समर्पित कर अवगत की गयी कि विभागीय अधिसूचना सं०—2030(2) दिनांक—30.12.2022 के अनुपालन में दिनांक—20.01.2023 को कर्त्तव्य पर योगदान समर्पित की गयी। वे अपने पिताजी के अस्वस्थ्यता के कारण दिनांक—03.01.2023 से कर्त्तव्य पर अनुपस्थित रही है। अपने पिताजी की तबीयत ठीक होने के उपरान्त डॉ० कुमारी द्वारा दिनांक—02.09.2024 को पदस्थापित स्थान पर योगदान देने हेतु अभ्यावेदन समर्पित किया गया।

2. डॉ० सोनम कुमारी द्वारा पदस्थापित स्थान पर योगदान करने हेतु की गयी अनुरोध के समीक्षोपरांत डॉ० सोनम कुमारी का योगदान स्वीकार करते हुए उनसे कार्य लिये जाने का निर्णय लिया गया है।

3. सिविल सर्जन, नवादा को निदेशित किया जाता है कि डॉ० सोनम कुमारी को आदेश निर्गत की तिथि से योगदान स्वीकार करते हुए उन्हें पूर्व पदस्थापित स्थान का प्रभार ग्रहण करायी जाय। डॉ० सोनम कुमारी का योगदान करने की सूचना से अविलंब विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

4. डॉ० सोनम कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, नवादा के विरूद्ध अनधिकृत अनुपस्थिति के आरोप में विहित प्रपत्र में आरोप—पत्र गठित कर उपलब्ध करायी जाय।

5. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

14/01/2025

(उपेन्द्र राम)

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक—9 / आ0—01—20 / 2023(स्वा0) 42(9) / पटना, दिनांकः— 14.01.25

**प्रतिलिपिः**—महालेखाकार, (ले0 एवं हक0) बिहार, पटना / प्रभारी पदाधिकारी, वित (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना / कोषागार पदाधिकारी, नवादा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**—क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, मगध प्रमण्डल, गया / सिविल सर्जन, नवादा को निदेशित किया जाता है कि डॉ० सोनम कुमारी के कर्त्तव्य पर योगदान करने से संबंधित प्रतिवेदन के साथ विहित प्रपत्र में आरोप—पत्र विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें।

**प्रतिलिपिः**—डॉ० सोनम कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, नवादा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**—माननीय मंत्री स्वास्थ्य के आप्त सचिव / अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग के आप्त सचिव / निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं बिहार पटना / अपर सचिव, स्वास्थ्य विभाग / प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—2, 3, 7, 8, 17 एवं 18A स्थापना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**—आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाइट में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

14/01/2025

सरकार के अवर सचिव।